हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

04 खुले बोरिंग, बिना मुंढेर वाले कुएं के भूमि स्वामी पर...



07 नपा की उदासीनता के चलते नहीं हो सकी नालियों...





## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय में मनाई अंबेडकर जयंती

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता, डॉ गीतेश कुमार डावर मुख्य वक्ता एवं अनिल पिपलोदिया के विशेष आतिथ्य में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम डॉ अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ गीतेश कुमार डावर द्वारा डॉ अम्बेडकर के किए गए कार्यों को विस्तार से जानकारी दी साथ ही उनके योगदान के महत्व को बताया। अनिल प्रजापति ने डॉ अम्बेडकर के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ रावल ने डॉ अम्बेडकर के विचारों पर अमल करने एवं महापुरुषो के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वीप नोडल अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी द्वारा विद्यार्थियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेगी कम्पोजिट मदिरा दुकान

**नलखेड़ा।** संसदीय क्षेत्र झालावाड़, राजस्थान में लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 26 अप्रैल को मतदान होंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने झालावाड़ जिले की सीमा के 03 किलोमीटर के दायरे में स्थित आगर-मालवा जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकान गुराड़िया सोयत को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किए है। जारी आदेशानुसार कम्पोजिट मदिरा दुकान गुराड़िया सोयत 24 अप्रैल की सायं 06:00 बजे से 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होने तक पूर्णतः बंद रहेगी।

### नाबालिग से ज्यादती करने वाला गिरफ्तार

**सीहोर।** 12 अप्रैल को नाबालिग पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना भैरूंदा में दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध पक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपीगण को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। टीम द्वारा आरोपीगण अभिषेक कीर पिता कालूराम कीर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छीदगांव, अनार सिंह अखंडे पिता नारायण सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पलासपुर पोस्ट धावड़ी जिला खंडवा को ग्राम डीमावर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया।

## अमले के पास नहीं है पर्याप्त संसाधन, इसलिए आग पर काबू पाने में आती है दिक्कत

# सालों पुरानी दमकलों पर अनट्रेंड अमला शहरों के साथ गांवों की भी दी जिम्मेदारी

आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाए तो इन दमकलों की संख्या काफी कम है। इन दमकलों पर जो अमला काम करता है उसके पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आग बुझाने के लिए सालों पुरानी दमकलें हैं। यही नहीं ऊपर से इन पर तैनात अमला भी अनट्रेंड है। अमले व संसाधनों की कमी के बीच सैकड़ों गांवों की आग बुझाने की जिम्मेदारी इन पर है।

गर्मी के मौसम में हर साल दर्जनों जगहों पर आग लगने की घटनाएं होती हैं। आग पर काबू पाने के लिए इन दमकलों को बुलाया जाता है। कई इतनी पुरानी हैं कि जहां पर आधे घंटे में पहुंचा जा सकता है वहां पर 10 मिनट और अधिक लगते हैं। यदि आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाए तो इन दमकलों की संख्या काफी कम है। इन दमकलों पर जो अमला काम करता है उसके पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं।

### दो दमकलों के भरोसे भैरूंदा शहर और 162 गांव

नगर परिषद भैरुंदा में 2 दमकलें हैं। इनमें से एक दमकल 1 साल पहले खरीदी जबकि दूसरी दमकल 8 साल पुरानी है। वर्तमान स्थितिः दो दमकलों में से एक की क्षमता 5 हजार लीटर की है जबकि दूसरी 3 हजार लीटर की है। दोनों दमकलें चालू हालत में हैं। इनमें से एक दमकल में 1 चालक सहित 2 हेल्पर तैनात हैं। कर्मचारियों को भोपाल में ट्रेनिंग दी गई है। इसलिए यह आग को बुझाने के लिए ट्रेंड हैं।

**80 किमी का है दायराः** इन दो दमकलों के भरोसे शहर सहित 162 गांव शामिल हैं।

### 4 में से 3 चालू हालत में, 80 किमी तक जाती है आग बुझाने



सीहोर जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां पर 4 दमकल हैं जिनमें से 3 चालू हालत में हैं। इनमें से 1 खराब है।

**वर्तमान स्थितिः** जो तीन दमकल हैं उनमें एक चार साल पुरानी है तो कुछ इससे और पुरानी हैं। समस्या वही है कि इन पर तैनात अमला कुछ ट्रेंड है तो कुछ अनट्रेंड भी है। दमकलों पर 24 कर्मचारी तैनात हैं। ये सभी शिफ्ट में काम करते हैं। 1 शिफ्ट में 1 चालक, एक सहायक और एक अन्य होता है।

**80 किमी तक दायराः** सीहोर की जो दमकल हैं उनके पास ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों गांव हैं। यहां से दमकल श्यामपुर, दोराहा और अहमदपुर तक भेजी जाती है। इसी तरह बात करें तो बिलकीसगंज, इछावर के कुछ गांवों में भी यहीं की दमकल को भेजा जाता है।

### आष्टा विकासखंड के लिए 4 दमकल, 1 खराब

आष्टा विकासखंड में तीन नगरीय निकाय हैं। इनमें आष्टा में 2, जावर में 1, कोठरी में 1 दमकल है। इनमें से 1 दमकल खराब है जिसे ठीक कराने भेजा है।

**वर्तमान स्थितिः** 4 दमकलों पर कोई प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी नहीं है। कुछ कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी है जबकि कुछ अनट्रेंड हैं। इनके पास किसी तरह की फायर ड्रेस और उपकरण नहीं हैं। आष्टा में 1 दमकल खराब है जिसे ठीक कराने भेजा है। 14 साल पुरानी दमकल के भरोसे 365 गांव हैं। इसी तरह जावर में 12 साल पुरानी दमकल जिसके भरोसे 101 गांव। 50 किमी तक का दायराः शहरी क्षेत्र के साथ आसपास के गांवों में भी आग बुझाने जाना पड़ता है।

## टिकोन धाम में चल रही श्री शिव महा पुराण कथा

### मंत्री इंदरसिंह परमार ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



तहसील के ग्राम टिकोन में स्थित प्रसिद्ध तथा चमत्कारी बाबा रामदेव धाम पर चल रही शिव महापुराण कथा में प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भाग लेकर कथा श्रवण किया तथा कन्या पूजन भी किया। ग्राम टिकोन में परम पूज्य महंत राधेश्याम जी महाराज के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का धार्मिक कार्यक्रम बाबा रामदेव के आंगन में चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में बाबा के भक्तों के साथ अन्य स्थानों के श्रद्धालु भक्तों द्वारा भी भाग लिया जा रहा है। कथा के दौरान महाराज श्री द्वारा भगवान शिव से जुड़ी कई कथाओं तथा मानव जीवन में आने वाले दुःख, संकट एवं परेशानियों के निवारण के लिए भक्तों को कई उपाय बताये जा रहे हैं। रविवार को प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने भी श्री शिव महापुराण कथा में भाग लेकर कथा श्रवण किया तथा कन्या पूजन भी किया गया। रामदेव धाम के सेवक शिवनारायण जी पाटीदार द्वारा व्यास गादी पर विराजित महंत राधेश्याम जी महाराज एवं मंत्री श्री परमार का स्वागत कर सम्मान किया गया।



## प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव में लग जाएं


**भाजपा मंडल चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ**

**नलखेड़ा।** राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के नलखेड़ा मंडल में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष चिंतामण राठौर, लोकसभा विस्तारक दिनेश भार्गव, वि धा न स भा संयोजक प्रेम मस्ताना, प्रभारी करणसिंह यादव, विधानसभा विस्तारक सुशील चंदेल, मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता,अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवनारायण भिलाला, कार्यालय प्रभारी गिरिराज पुरोहित, सह कार्यालय प्रभारी रमेश पाटीदार,पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल परमार एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित कर किया गया। रविवार को कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामण राठौर द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके जीवन एवं उनके किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव में लग जाए एवं अपने मतदान केंद्रों पर पहले से 370 मत अधिक प्राप्त करते हुए राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रोडमल नागर को विजय बनाएं। कार्यक्रम पश्चात समस्त भाजपा पदाधिकारियो द्वारा बगलामुखी चौराहे पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

## माता रानी का प्रतिदिन हो रहा है मनोहारी श्रृंगार

### आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ले रहे हैं भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि के पर्व पर दर्शन करने वाले भक्तो का तांता लगा हुआ है, भक्तों को गर्भ गृह के बाहर से माता रानी के दर्शन करवाए जा रहे हैं। मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु माता मंदिर में विशेष हवन - अनुष्ठान कर पूजन भी करवा रहे हैं। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जा रहा है, माता के मनोहारी रूप की एक झलक पाने के लिए भक्त आतुर दिखाई दे रहे हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मा बगलामुखी मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। नवरात्रि के इन 7 दिनों में 2 लाख से अधिक भक्तों द्वारा माता मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन कर कई भक्तों द्वारा हवन अनुष्ठान किया। मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बडी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। इसके साथ ही माता रानी की प्रतिदिन होने वाली प्रातः 6 बजे मंगला आरती एवं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर ढोल-नगाड़ों, घंटे-घड़ियाल की धुन पर भक्ति में लीन हो रहे है।

### सरस्वती विद्या मंदिर नलखेड़ा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ



**नलखेड़ा।** सरस्वती विद्या मंदिर (उ.मा.वि.) नलखेड़ा में सत्र 2023-24 की कक्षा नर्सरी से एकादश तक की स्थानीय परीक्षा दिनांक 04 अप्रैल 2024 तक सम्पन्न हुई । जिसका वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम प्रातं की योजनानुसार दिनांक 15 अप्रैल सोमवार प्रात 11 बजे घोषित किया गया। जिसमें भैया बहिनों ने अपने कक्षाचार्य से अंकसूची प्राप्त की । इस अवसर पर भैया , बहिन अपने परीक्षा परिणाम को लेकर उत्साहित दिखे । नन्हे-मुन्ने भैया,बहिनों के रिजल्ट पाकर उनके चेहरे खिल उठे। एवं अनेको अभिभावक , भैंया,बहिन समस्त आचार्य, दीदी परिवार ने बधाई देते हुए भैंया , बहिनो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 अप्रैल को हिरनखेड़ी में होगा आयोजित

**नलखेड़ा।** क्षेत्रीय पाटीदार समाज द्वारा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 अप्रैल को ग्राम हिरन खेड़ी में आयोजित किया जाएगा।



क्षेत्रीय पाटीदार समाज द्वारा आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए सम्मेलन स्थल पर सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। विवाह समारोह समिति सदस्यों ने बताया कि सामूहिक विवाह में वर- वधू पक्ष से निर्धारित सहयोग राशि समिति द्वारा जमा करवाई गई है। सामूहिक विवाह समारोह समिति द्वारा वर-वधु को गृहस्थी की सभी आवश्यक सामग्री एवं उपहार भेंट किए जाएंगे। समिति द्वारा सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले जोड़ों के अभिभावकों से निवेदन किया गया कि वह अलग से कोई समारोह आयोजित न करें। समिति द्वारा व्यस्क जोड़ों को ही इस सम्मेलन में सम्मिलित किया जाएगा। इसके लिए उन्हें पंजीयन के समय व्यस्कता प्रमाण पत्र के साथ दो नवीन पासपोर्ट साइज फोटो भी जमा करवाने होंगे।

## गार्ड बोलेः हम एक दिन भी अनुपस्थित रहते हैं तो सैलरी काट ली जाती है

# पीड़ित गार्डों ने की कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच सिक्योरिटी ऑफिसर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर मुख्यालय के समीपस्थ कैटल फीड फेक्ट्री के कर्मीयों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि हम सभी सिक्योरिटी गार्डों एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर अपनी डयूटी पूर्ण ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से करते है। हम वर्ष में 365 दिन अपने कर्तव्य स्थल पर कार्य करते है अगर हम एक दिन भी अनुपस्थित रहते है तो हमारी सेलरी काट ली जाती है हमें एक दिन का भी अवकाश नहीं मिलता है जैसे सभी त्यौहार होली, रक्षाबंधन, दीपावली या राष्ट्रीय पर्व इसके उपरांत हमारी तनख्वाह में से हर महीने



कमीशन के रूप में सिक्योरिटी ऑफिसर दशरथ सिंह राजपूत द्वारा कमीशन लिया जाता है। इसके लिये हमने आवाज उठाई तो हमें नौकरी से निकालने या फिर दूसरी जगह ट्रांसफर कर देने की धमकी दी जाती है। हमारा दमन व शोषण किया जा रहा है। सिक्योरिटी ऑफिसर दशरथ सिंह राजपूत हमें धमकाते है, डराते हैं और अभद्र बरताव करते है। इस विषय में पशु आहार संयंत्र पंचामा के मैनेजर सर को भी अवगत करवाया गया तो उन्होने इस पर कोई त्वरित कार्यवाही नहीं की और दिनांक 09 अप्रैल 2024 को भोपाल के भारत सिक्योरिटी सर्विस से फील्ड ऑफिसर एन.पी. साहू आये और हम लोगो से बोला कि 7700/- रू. सेलरी मिलेगी अगर आपको काम करना है तो करो नहीं तो अपने घर जाओ। पशु आहार संयंत्र पचामा के मैनेजर नरेश सिंह नरवरिया को हम बोलकर आये कि हम जा रहे है। हमने उक्त घटनाक्रम का मैनेजर सर को आवेदन भी दिया लेकिन उन्होंने हमारा आवेदन स्वीकार नहीं किया। कर्मियों द्वारा मांग की गई है कि ऐसे दबंग और आंतक का पर्याय बन चुके भारत सिक्योरिटी सर्विस के सुरक्षा सुपरवाईजर दशरथ सिंह राजपूत को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जावे जो कि अपने पद का गलत दुरूपयोग कर रहा है और हमारी पूरी सेलरी में से कमीशन समाप्त किया जावे। जिससे हम सभी गार्डों को न्याय मिल सके एवं हम लोगों की सेलेरी में से जो कमीशन लिया गया है उसको भी हमें वापस दिलवाया जावे। इस अवसर पर उपस्थित कर्मियों में प्रमुख रूप से संदीप दोहरे सिक्योरिटी सुपर वाईजर, हेमराज सिंह, संजय राठौर, दिनेश लरावत, मनोज राठौर, संतोष मालवीय, बलवीर ठाकुर सहित अनेक गार्ड उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से चल रही प्राचीन जगदीश मंदिर में आरा मशीन, परमार समाज ने बंद कराने की मांग

**सीहोर।** लंबे समय से शहर के मध्य प्राचीन जगदीश मंदिर पर इन दिनों अवैध रूप से आरा मशीन चल रही है। परमार समाज के लोगों का कहना है कि इस आरा मशीन का लायसेंस समाप्त हो गया है। इसके बाद भी एक वरिष्ठ समाजसेवी इसको किराए पर देकर 50 हजार रुपए महिना ले रहा है, समाज को मंदिर में बाउंड्रीवाल का निर्माण के साथ सौंदर्यीकरण करना है, लेकिन परिसर में आरा मशीन होने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर परमार समाज के चंदर सिंह मंडलोई, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेड़ी,, मुकेश परमार, विक्रम सिंह, अनार सिंह, महेन्द्र सिंह, देव नारायण, विजय परमार,




सुहागमल बमूलिया, सुनील परमार, बने सिंह, हेमराज, प्रहलाद, हरीश परमार, गुलाब परमार, भंवरलाल, भगवान सिंह, वीर सिंह और संतोष परमार आदि शामिल है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व चल समारोह के अध्यक्ष विष्णु परमार रालूखेड़ी ने बताया कि प्राचीन जगदीश मंदिर परमार समाज के अलावा शहरवासियों की आस्था का केन्द्र है, लेकिन एक वरिष्ठ समाजसेवी यहां पर लंबे समय से मंदिर की जमीन पर आरा मशीन किराए से देकर अवैध रूप से आरा मशीन चला रहा है, रविवार को समाज के लोगों ने इस संबंध में निर्णय लिया है कि अगर सात दिन में प्रशासन ने तत्काल इस ओर ध्यान नहीं दिया तो आगामी दिनों में परमार समाज पूरी एकजुटता से आंदोलन करेंगा। उनका कहना है कि वन विभाग की ओर से न तो इनके पास लाइसेंस प्राप्त है और न ही वे वन विभाग के कोई नियम-कानून को मानते है।

**खबर संक्षेप**

## मध्यप्रदेश स्केट्स खो एसोसिएशन का गठन



**देवास।** मध्य प्रदेश स्केट्स खो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पावन पाटिल ने बताया कि स्केट्स खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशक विनित वर्मा के मार्गदर्शन में 13 अप्रैल 2024 को स्केट्स खो फेडरेशन ऑफ इंडिया की मीटिंग दिल्ली में सम्पन्न हुई। मीटिंग में एसो. की आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही मध्य प्रदेश स्केट्स खो एसोसिएशन की कार्यकारणी का गठन किया गया। मध्यप्रदेश एसो. का अध्यक्ष चेतन राठौड़ एवं सचिव राजवीर ठाकुर को नियुक्त किया गया, जल्द ही बैठक आयोजित कर शेष बचे पदों पर नियुक्तियां की जाएगी । अध्यक्ष राठौड़ व सचिव ठाकुर की नियुक्ति पर पवन यादव, पावन पटिल, अश्विनी जाधव, अर्पणा यादव, सुनील मालवीय, शैलेंद्र चंद्रवंशी, देवराज सांगते, तन्मय मेहता, सूरज बामनिया, किरण राव, खुशबू पाटिल, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सोलंकी, ऋतुराज गोहिल, ऋतिक मुकाती, रश्मि ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, उर्वशी मंडलोई, प्रियांशी कदम, विशाल सिंह, आलोक सिंह, सुमित शर्मा, निखिल महर, उदय भावसार, साक्षी चौहान, लखन योगी, चेतन चौधरी, रोहित चौधरी, निखिल पटेल, शीतल चौधरी, हरिप्रिया यादव, तनीषा पांचाल, आकाश चौहान, रोहित चौहान, भावना, कुमकुम मालवी, गोरेश्वरी राठौर, गौरव मालवी, रोहित मालवी, आकाश चौहान आदि ने बधाई एवं शुभकामनाए दी ।

## जिले में मतदान के लिए किया जागरूक

**देवास।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप अभियान के तहत नगर परिषद लोहारदा में दुकानों, वाहनों पर मतदाता जागरूकता के स्टीकर लगाए।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक हुई आयोजित

# खुले बोरिंग, बिना मुंढेर वाले कुएं के भूमि स्वामी पर करे कार्रवाई: कलेक्टर गुप्ता

**कलेक्टर के निर्देश जिले में सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही करें।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए प्राइवेट बोरिंग और कुएं का पानी वितरण के लिए अधिग्रहण कर लें। खुले बोरिंग और बिना मुढेर वालें कुएं पर संबंधित भूमि स्वामी पर कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि प्राईवेट टेंकरों से पानी की सप्लाई पर रोक लगाये। ग्रीष्म ऋतु में मजरे-टोलों में पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और आवश्यक होतो बोरिंग भी करायें। पीएचई विभाग पानी की समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम बनाये।

सहकारी समितियों को सामूहिक खेती करने के लिए सहकारिता पट्टे दिये गये थे, जो समितियां सामूहिक खेती नही कर रही है, उनकी जांच कर शासकीय भूमि घोषित कर खसरे में एन्ट्री करें। जिले में सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने वालों पर कोटपा अधिनियम के तहत निरन्तर कार्यवाही जारी रखे। कलेक्टर गुप्ता ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। संबंधित एसडीएम को मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्रों की नियमित रूप से निरीक्षण करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि निर्माणधीन नल जल योजना में कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड करें। डीपीसी को निर्देश दिये बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान (एफएलएन) की पुस्तके स्कूल के बच्चों को वितरित करें। खाद्य विभाग को निर्देश दिये कि एसडीएम के माध्यम से परिवहन चालान और किसानों को उपार्जन के भुगतान की कार्यवाही नियमित रूप से करें।गुप्ता ने कहा लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करें।

जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों का चयन कर लें। मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें। मतदान दलों का रूट चार्ट तैयार कर लें। चयनित मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही करें। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से 12डी फार्म भरवाने की तैयारी कर लें। लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को ट्रेनिंग दें और ट्रेनिंग के समय एसडीएम भी उपस्थित रहें। निर्वाचन कार्य में जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वे बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाये। बिना मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी निरस्त नहीं की जायेगी।कलेक्टर गुप्ता ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित हों, इसका ध्यान रखें।

सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण प्रजापति, सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

# हादसा: बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**चाचा व भतीजी की हुई मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रविवार देर रात शादी समारोह से दंपत्ति व उनकी भतीजी बाइक पर घर की और लौट रहे थे, उसी दरमियान अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें चाचा व भतीजी की मौत हो गई व चाची घायल हो गई। सोमवार सुबह मृतक व उनकी भतीजी का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार ईश्वर पिता शंकरलाल राठौर उनकी पत्नी रानी व भतीजी कनक पिता विजय राठौर सभी निवासी अरलावदा शादी समारोह में रविवार दोपहर बाइक से चापड़ा गए थे। देर रात को वह बाइक से उनके गांव की और लौट रहे थे। ग्राम मनासा के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें कनक की मौके पर मौत हो गई व ईश्वर व उनकी पत्नी रानी को गंभीर अवस्था में हाटपिपलिया स्वास्थ केंद्र पर ले गए वहां प्राथमिक उपचार कर उन्हें देवास जिला चिकित्सालय भेज दिया। यहां उपचार के दौरान ईश्वर की भी मौत हो गई। उनकी पत्नी रानी का उपचार जिला चिकित्सालय देवास में जारी है। सोमवार सुबह चाचा और भतीजी का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन 1 से 31 मई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिंप सीइओ हिमांशु प्रजापति, एएसपी एच.एन.बाथम, डीइओ हरि सिंह भारती, जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग अभिमन्यु यादव, युवा समन्वयक खेल विभाग जावेद पठान उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि देवास जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा विभिन्न खेल संगठनों के संयुक्त समन्वय से जिला मुख्यालय व विकासखंड मुख्यालय के अलावा चिन्हित मैदानों पर 01 से 31 मई तक प्रचलित खेलों के प्रशिक्षण शिविर प्रातः 06 बजे से 07:30 तथा सायं 05 से 07 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। प्रशिक्षण शिविर में सभी बालक-बालिका भाग ले सकते हैं। महिलाओं के लिए आत्मरक्षा, योग, मार्शल आर्ट और फिटनेस के प्रशिक्षण शिविर भी संचालित किये जावेगें। प्रशिक्षण शिविर संबंधी अधिक जानकारी के लिए देवास जिले के युवा खेल और युवा कल्याण विभाग कार्यालय विकास नगर देवास एवं विकासखंड समन्वयक से सम्पर्क कर सकते है। जिला मुख्यालय पर न्यूनतम 08 खेल व विकासखंड मुख्यालयों पर 02 खेलों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा, जिसमें कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम विकास नगर में बास्केट बॉल, एथलेटिक्स, साफ्टबॉल, लेदर बॉल क्रिकेट, कराते, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहा पर वॉलीबॉल, जूडो, बाक्सिंग, हॉकी, कुश्ती, कराते एवं पुलिस लाईन में फुटबॉल, लेदर बॉल क्रिकेट, एथलेटिक्स का आयोजन होगा।

# बीएनपी गेट पर मनाई अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




14 अप्रैल को बोधिसत्व भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर का 133 वी जयंती उत्सव समारोह बैंक नोट प्रेस देवास मुख्य द्वार के सामने डॉ.भीमराव अम्बेडकर उद्यान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि एस महापात्रा मुख्य महाप्रबंधक, विशेष अतिथि के. एन. महापात्रा महाप्रबंधक, सहायक समादेष्टा के. जी.सोमवंशी, बैंक नोट प्रेस अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष गंगाराम मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमेर सिंह जाधव एवं सभी कर्मचारी संघ, सभी अधिकारीगण, पर्यवेक्षकगण, कें. औ. सु. ब. कर्मचारीगण, ठेकेदार श्रमिक साथी आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर बुद्ध वंदना की गई।

तत्पश्चात नन्हे बच्चों द्वारा डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बुद्ध वंदना प्रस्तुति एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विचारो पर नाट्य प्रस्तुति दी गई। जयंती समारोह के द्वितीय चरण में वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के जीवन एवं संघर्ष पर प्रकाश डाला गया। तृतीय चरण में मोमेंटो एवं उपहार भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। संघ महासचिव अजय रेकवाल द्वारा जय प्रकाश जय की कविता उद्दत करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रकाश पाटिल, सचिन पंवार, दीपक सहरावत, राजेश खाटिकमारे, राकेश कुमार शिंदे, राधेश्याम कुलथिया, आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र रेनीवाल एवं ओम प्रकाश यादव ने किया।

## दिव्यांगों, असहायों को बांटी 1100 साड़ियां

**देवास।** चैत्र नवरात्रि महापर्व पर छाछ वितरण,कन्या भोज जैसे परमार्थ के सेवा कार्यों में निरंतर अपनी सेवाएं देने वाली, दिव्यांगों, असहायों, जरूरतमंद मात्र शक्तियों को मां चामुंडा सेवा समिति की ओर से सीडी मार्ग पर समाजसेवी नरेंद्र मिश्रा, उमेश सिंह राठौड़, नारायण व्यास, बीड़ी रावल के आतिथ्य में एवं पं. देवीशंकर तिवारी के सानिध्य में 1100 साड़ियों का वितरण किया गया। इस अवसर प्रतिदिन यज्ञ हवन संपन्न कराने वाले विद्वान पंडित देवीशंकर तिवारी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि भूखे को अन्न, प्यासे को पानी और जरूरतमंदों को तन ढकने के लिए वस्त्र दान करना अनुकरणीय एवं पुण्यमय कार्य है। हमारे सप्त ऋषियों ने कहा है कि जो बोओगे वही काटोगे। अगर अन्न का दान करोगे तो अन्न मिलेगा, पानी का दान करोगे तो पानी मिलेगा और वस्त्र का दान करोगे तो वस्त्र मिलेगा। माता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से पूछा की जिनके पास एक जोड़ कपड़े हैं, वह कपड़े कैसे धोए।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने मनाई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय बौद्ध महासभा देवास द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परम पूज्य बोधिसत्व संविधान के निर्माता भारतरत्न बाबासाहेब अंबेडकर की 133 वी जयंती उज्जैन पेट्रोल पंप तिराहा अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर बुद्ध वंदना माल्यार्पण एवं बूंदी वितरित कर मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा उदबोधन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रहलाद दामोदर, महासचिव संगीता तायड़े, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिरसाठ, उपाध्यक्ष प्रमिला पाटिल, नगर अध्यक्ष हरिभाऊ मोरे, महिला मंडल अध्यक्ष सुनंदा सिरसाट, भारतीय बौद्ध महासभा देवास समस्त पदाधिकारी आशा गजभिए, श्रद्धा शिंदे, लता मोरे, राधाबाई वानखेडे, माया मेडामें, रुक्मणी लोंढ़े, सविता नागले, प्रमिला दामोदर, संगीता गोलाईत, कलाकथीया मैडम, वासुदेव तायडे, लाकेश गजभिए, रामचंद्र सूबेदार, मधुकर राऊत, गणेश मडामें, सुरेश वैद, आरसी चौकीकर, बाजीराव पटोले, सत्यवान पाटिल, अशोक तायड़े, अमर रायबोले, अजय ढोके, राहुल गेडाम, अनिल फुलझेले, सिद्धार्थ दामोदर, डॉ. दीपक अनिल, लोंढे विशाल दामोदर, डॉ. पवन चिल्लोरिया, जेठवा जी, हीरो सोलंकी, प्रकाश पाटिल, जयप्रकश चौकीकर, मिलिंद खंडारे, लक्ष्मणराव मोरोदे उपस्थित थे। उक्त जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा प्रचार एवं पर्यटन सचिव श्रद्धा शिंदे ने दी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम पर की पूजा-अर्चना



**देवास।** स्टेशन रोड स्थित महर्षि वाल्मिकी आश्रम पर वाल्मिकी समाज द्वारा पूजा-अर्चना व आरती का आयोजन रखा गया। आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि की पूजा व माल्यार्पण करते हुए महाआरती की। तत्पश्चात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान महर्षि वाल्मीकि आश्रम के पदाधिकारियों ने आरएसएस के पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया। तत्पश्चात वाल्मिकी समाज युवा व वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर जिला प्रचारक राहुल भौमिक, अमर देव ठाकुर, जुझारसिंह राठौर, राजेश अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, एल एन मारू, रुपराम मिश्रा, आनन्द रांगवे, शिव भैरवे, सुरेश डुमाने, दिनेश हंस, राजू घावरी, जितेंद्र डागर, सोनू पटवान, रोहित गिल्लोरे, रोहित सांगते, कमलेश भैरवे, आकाश गिल्लोरे, शैलेंद्र भैरवे, पुरुषोत्तम भैरवे, अंकित सुपेकर, उदय डागर, उदय भैरवे, अमर सांगते आदि उपस्थित थे।

### कथा के पांचवें दिन राम सीता विवाह झांकी प्रस्तुत, भाव-विभोर हुए बड़ी तादाद में मौजूद श्रद्धालु

# प्रभु राम ने धर्म, कर्म, प्रेम, करूणा का दिया संदेश: पंडित शर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

कथा के पांचवें दिन राम सीता विवाह झांकी हुई प्रस्तुत प्रभु राम ने लोगों को धर्म,कर्म,प्रेम,करूणा का दिया संदेश- पंडित शर्मा चापडा। भगवान श्री राम के मानव रूप में जन्म का उद्देश्य धर्म के पालन, सत्य की पुनर्स्थापना, अधर्म के नाश और भक्तों का संरक्षण करना था। राम एक आदर्श पुरुष, सज्जन, और धर्माचारी राजा मानें जाते हैं।

रामायण के माध्यम से राम ने लोगों को धर्म, कर्म, प्रेम, करुणा, शक्ति, और सहानुभूति के महत्वपूर्ण संदेश प्रदान किए। उनके जीवन और कथाएँ लोगों को उच्चतम आदर्शों की प्रेरणा देती हैं और सभ्यता के मूल्यों को स्थापित करने में मदद करती हैं।

भगवान राम के जीवन का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य था अधर्मी राक्षस राजा रावण जैसे दुराचारी को नष्ट करना और धर्म के जीतने पर उन्मादित होने वाले लोगों को सही मार्ग पर लाना। उक्त बातें चापड़ा में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम के दौरान पाटीदार समाज धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित अनिल शर्मा (पारासर) ने श्रोताओं को बताई। पंडित शर्मा ने आगे कहा कि भगवान राम के जीवन की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी भक्तों के मन में विश्वास और प्रेम का प्रचार-प्रसार करना। रामायण में उनके विश्वासपूर्वक भक्त हनुमान का चरित्र महत्वपूर्ण है, जो भगवान राम की भक्ति और सेवा के प्रतिचिन्ह हैं।सम्पूर्ण रूप से कहें तो, भगवान राम के जीवन का उद्देश्य धर्म के प्रतिष्ठान, सत्य के पुनर्स्थापना, अधर्म के नाश और भक्तों के संरक्षण के माध्यम से समृद्धि और समस्त मानवता के कल्याण की प्रोत्साहना थी। पंडित शर्मा ने बताया कि आज के समय में जब घर में बच्चे का जन्म होता है तब,नाम तो पंडित से पुछते है, लेकिन नाम अपनी पसंद का रखते हैं,जिसका कोई अर्थ ही नहीं होता है।

हमारी संस्कृति में 16 संस्कार है, लेकिन आज कि पढी संस्कारों से दूर होती जा रही है।फटे कपड़ो को फैशन बताते है। नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति से कोसों दूर नज़र आती हैं।आगे कहा कि व्यक्ति के जीवन में गुरु आवश्यक होना चाहिए, क्योंकि जीवन कि उलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए गुरु होना जरूरी है।सोमवार को श्री राम सीता विवाह झांकी प्रस्तुत कि गई, जिसमें राम वैदिका पाटीदार, सीता वैष्णवी पाटीदार,लक्ष्मण भूमिका वैष्णव, हनुमान रूद्राक्ष पाटीदार बने। इस दौरान पांडाल में जैसे ही राम सीता, लक्ष्मण पहुंचे उस दौरान पुरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गुंज उठा।

सोमवार की आरती रामनारायण यादव, जनपद सदस्य संगीता राजेश दुग्गड कि और से की गई। रामनारायण यादव कि ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। हरिओम वैष्णव द्वारा श्री श्याम संकीर्तन का रात्रि कालीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार दोपहर कथा के पश्चात श्रीराम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण मूर्ति का नगर भ्रमण चल समारोह निकाला जाएगा।

# आबकारी विभाग के दल ने बागली वृत के ग्रामों में की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त बागली के ग्राम बाबड़ी खेड़ा में कार्यवाही कर रिहायशी से इंदौर के लेवल लगी हुई 230 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं 48 केन बीयर पावर कुल 65.4 बल्क लीटर जप्त की। आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया। ग्राम खाड़ा पुर(आदेश नगर) में रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर इंदौर जिले के लेवल लगी हुई 124 पाव देशी प्लेन मदिरा 105 पॉवर कूल केन बीयर, 12 बोतल लैमाउंट बीयर और 50 पाव गोवा व्हिस्की कुल 91.6 बल्क लीटर जप्त की गई। कार्यवाही में आरोपियों के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मदिरा की अनुमानित बाजार मूल्य 48 हजार 090 रूपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक दिनेश भार्गव, आबकारी आरक्षक राजेश जोशी, अरविंद जिनवाल शामिल थे।

खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

**आष्टा।** नगर के काछीपूरा में स्थित प्राचीन जीर्णोद्धारित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में भगवान श्रीराधाकृष्ण, श्रीराम दरबार,शिवलिंग, लवकुश भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित श्री हरिहर यज्ञ महोत्सव एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर मीडिया प्रभारी बलराम कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया की यज्ञाचार्य नगरपुरोहित पं. मनीष पाठक व विप्रो ने स्थापित देवताओं का पूजन कर पंच कुण्डीय यज्ञ में आहुतियां व मूर्तियों का अधिवास किया। श्रीमद भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बजरंग दल जगदीश कुशवाहा, सकल समाज के सभी समाज अध्यक्षों, विश्व हिंदू परिषद के गोपालदास राठी, कैलाश परमार, ललित नागौरी,गोपाल दास राठी, कृपाल सिंह पटाडा, महंत राजगीर टीकाराम कुशवाहा,संतोष कुशवाहा, पार्षद अंजनी चोरसिया, पार्षद तारा कटारिया, संध्या बजाज, भगवती सोनी, रूपाली चोरसिया, राजीव गुप्ता, संजय दरबार, रमेश मूंदड़ा, शिव श्रीवादी, बीएस मेवाडा आदि उपस्थित थे।

### कन्नौद रोड का नाला हुआ चोक, वाहन चालक हो रहे परेशान

# नपा की उदासीनता के चलते नहीं हो सकी नालियों की सफाई, बिगड़े हालात

बीते दिनों हुई बारिश के कारण जगह-जगह जल जमाव की बनी स्थिति के कारण नागरिक हो रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कन्नौद रोड कॉलोनी चौराहा से भोपाल नाका तक जो नाला आया है वह चार दिन से चौक हो गया जिसके चलते गंदा पानी और कचरा भोपाल नाके पर बह रहा है इस कारण वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ रही। बता दें कि पिछले 5 दिनों से क्षेत्र में बारिश हो रही है बारिश तो थम गई लेकिन बारिश का पानी व कचरा फंसने से कन्नौद मार्ग से आने वाला नाला भोपाल नाके पर चौक हो गया है पुलिया में काफी कचरा जमा है। जिसके चलते नाले का गंदा पानी भोपाल नाके पर बह रहा है इस कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी उठाना पड़ रही है। गंदा पानी आने जाने वाले लोगों के ऊपर भी लग रहा है अभी तक नगर पालिका के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया है। आखिर कब होगी नालों की सफाई शहर के कन्नौद रोड के दोनों और का नाला काफी समय से चौक है। बजरंग कॉलोनी तालाब के पास भोपाल नाका पर पर कचरा और मालबा भरा होने से दोनों नाले चौक है इन्हें अभी तक नगर पालिका ने साफ नहीं कराए हैं।

आए दिन दोनों और के नाले चौक हो रहे हैं भोपाल नाके पर तो लगातार चार दिनों से नाला चौक होने से लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है, स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से नल की सफाई की मांग की। कन्नौद रोड के नाले की सफाई कराई जाएगी नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा है कि जल्द ही कन्नौद रोड के नाले व भोपाल पर पुलिया की सफाई की जाएगी। ताकि नागरिकों को परेशानी ना उठाना पड़े।

## डेम से पानी छोड़े जाने के कारण पार्वती नदी लबालब

लोगों को जल संकट से मिलेगी राहत



**आष्टा।** पार्वती नदी में पानी छोड़ने के बाद अब हो रहा ओवरफ्लो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रामपुरा डैम से पार्वती नदी में छोड़ा गया पानी अब धीरे-धीरे शंकर मंदिर पुल के पास आ गया है और एक बार फिर से पार्वती नदी फूल भरा गई है अब नदी फूल भरने के बाद ओवरफ्लो हो रहा है। बता दे की गर्मी में नगर पालिका सिंचाई विभाग से पार्वती नदी में पानी छुड़वाती है इस बार डेढ़ माह पहले पानी छुड़वाया था और पार्वती नदी लबालब हो गई थी लेकिन इस बार तो आश्चर्य हो गया कि नदी खाली भी नहीं हुई यहां तक की आदि नदी भी खाली नहीं हुई थी और नगर पालिका ने एक बार फिर से सिंचाई विभाग से पानी छुड़वाया जिससे कि पार्वती नदी लबालब भर गई। पहली बार गर्मी में दो बार पानी छुड़वाया हमेशा नगर पालिका गर्मी में एक बार ही पार्वती नदी में पानी छुडावती है लेकिन इस बार तो आश्चर्य हो गया कि दो बार पार्वती नदी में पानी छुड़वाया गया इससे फायदा यह होगा कि अब गर्मी मे शहर वासियों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा भरपूर पानी लोगों को मिलेगा ।शहर वासियों को पर्याप्त पानी मिलेगा नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया है कि शहर वासियों को पार्वती नदी का पर्याप्त पानी मिलेगा हमने इस बार गर्मी में जल संकट ना हो इसलिए अभी एक बार फिर से रामपुरा डैम से पानी छुड़वाया है।

## अहमदपुर-चरनाल मार्ग पर नाली निर्माण नहीं होने से सड़क पर जमा हुआ बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



अहमदपुर में मौसम परिवर्तन होने से हवा आंधी के साथ वर्षा होने के कारण लोगों के लिए अब समस्याएं बन गई। क्योंकि अहमदपुर में 3 दिन से लगातार बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी के बाद सर्दी का एहसास महसूस होने लगा है । बारिश होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में बार-बार बिजली की कटौती हो रही है। अहमदपुर में बे मौसम हुई वर्षा से सड़कों के ऊपर पानी भरने लगा है, जिससे अहमदपुर, चरनाल मार्ग पर सड़क नाले में तब्दील हो गई। अब रहागीर और ग्रामीण पानी में से निकलने के लिए मजबूर हो रहे हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री सड़क होने के कारण इस सड़क पर पानी की निकासी के लिए नाली नहीं है। जिससे कि पानी सड़क पर ही भरा रहता है। आसपास के व्यापारी भी इस भरे हुए पानी से परेशान है। क्योंकि जब वाहन निकलते हैं तो राहगीर व दुकानदार की दुकानों तक पानी आ जाता है। किराना व्यापारी शैलेंद्र ने बताया कि यह पानी ज्यादा दिन होने के बाद बदबू मारने लगता है। सड़क मार्ग पर पानी निकालने की कोई निकासी नहीं होने के कारण वाहन से पानी दिन भर कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता है।

## राजपूत युवा संगठन, शौर्य समिति रामनवमी पर निकालेगा शौर्य यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रामनवमी के पावन पर्व माँ पार्वती की नगरी में 17 अप्रैल को सैंधव क्षत्रिय राजपूत युवा संगठन, शौर्य समिति के तत्वावधान में नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान राम की झांकी और शौर्य यात्रा निकलेगी। अध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि गायत्री मन्दिर आष्टा से रामनवमी पर भव्य शौर्ययात्रा यात्रा निकलेगी। जो अस्पताल तिराहा से होते हुए खत्री मार्केट, राम मंदिर, गल चौराहा, कुम्हार मोहल्ला, कॉलोनी चौराहा, सेमनरी रोड़ से होते हुए सैंधव समाज के छात्रावास में समाप्त होगी। ततपश्चात भगवान राम आरती व स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा। संगठन की ओर से सामाजिक क्षेत्रवासियों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों से शौर्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गयी है।

### मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई के सतीश जोशी अध्यक्ष, महासचिव शैलेश शर्मा, सचिव बने केलास अजनोटिया को दी बधाई







**खाचरोद।** मधयप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष सलभ भदोरिया जी के निर्देश पर मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ सीहोर जिला इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र यादव , महासचिव गजराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले की ब्लॉक इकाई की घोषणा कर दी है। इसमें आष्टा ब्लॉक इकाई अध्यक्ष पद पर सतीश जोशी खाचरोद को बनाया गया है। महासचिव शैलेश शर्मा, सचिव कैलास अजनोटिय को बनाया गया। नियुक्ति पर आष्टा क्षेत्र केश्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई आष्टा के समस्त सदस्यों, पत्रकार साथियों ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी है। सभी साथियों को पद पर न्युक्ति पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है आशा है आप सब पद पर रहते हुए संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

## बाबा साहब आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलना चाहिए : विजय सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय संविधान के शिल्पकार समरसता के अग्रदूत भारत रत्न से समानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर उन्हें नमन एवं सभी को बधाई। एनएसयूआई के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता द्वारा अंबेडकर परिसर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर सभी ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर एनएसयूआई नेता विजय सोलंकी , देवेंद्र राजपूत,सुनिल सोलंकी ,सतीश मेवाड़ा, देवेंद्र गोयल,आशुतोष सिंदल, राजपाल पचलनिया, कुलदीप आवले आदि मौजूद थे।

## प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




प्लास्टिक मुक्त शहर के लिए नगर पालिका भरपूर प्रयास कर रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर, राय सिंह मेवाडा मार्गदर्शन व मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेशानुसार व सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेस की टीम के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र बस स्टैंड पर फल विक्रेता और व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक (पॉलीथिन) प्रतिबंध के बारे समझाया गया। तथा प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए जागरूक किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया गया की पॉलिथीन से हमें और हमारे जीवन पर बहुत ही हानिकारक प्रभाव पड़ता है। पॉलिथीन से मवेशियों की जान का खतरा बना रहता है। सिंगल यूज प्लास्टिक की वजह से हमारे शहर की नालिया जाम हो जाती है। जिससे कि गंदा पानी रोड के ऊपर बहने लगता है। इससे हमारे शहर में गंदगी दिखाई देती है। 100 माइक्रोन से कम वाली पॉलिथीन को पूर्ण रुप से बंद किया गया है। हमें अपने शहर को पॉलीथिन मुक्त शहर बनाना है। हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है। सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह पर कपड़े से बने झोले का उपयोग करना है। हमारा आष्टा शहर को प्लास्टिक मुक्त शहर बन सके। सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध तथा प्लास्टिक मुक्त शहर जागरूक करने के लिए यह संस्था एवीएस कंसलटेंसी से ज्ञान सिंह बामनिया, सचिन परमार, जितेन्द्र रेकवाल, जुनेद शंकर, आकाश, जुनेद खा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाई बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर द्वारा श्री चोपड़ा हनुमान मंदिर पर मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण पाटीदार ने पुष्प अर्पित कर और तिलक लगाकर बाबा साहब को याद किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मांगीलाल शंखवार ने भी बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारत के जन मानस को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का रास्ता प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पास सबसे ज्यादा डिग्रियां थी और उन्होंने कहा कि एक रोटी कम खा लेना लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा जरूर देना।

एक गरीब परिवार में जन्मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का इतिहास बहुत बड़ा है। जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार, मांगीलाल संखवार, भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर के मीडिया प्रभारी रमेश पाटीदार, युवा नेता सरपंच अजय सिंह ठाकुर, कैलाश पाटीदार, राम भरोसे शाक्य, छगनलाल पाटीदार, अजय सोलंकी, जगदीश पाटीदार, अनुसूचित जाति जिला मंत्री शरण वाल्मीकि, युवा नेता मनीष लोनारे, लक्ष्मी नारायण शाक्य, बबलू मालवीय, शिव वाल्मीकि, रोहित अहिरवार और समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### देश में लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकताः कैलाश परमार

**आष्टा।** आज देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। आज आवश्यकता है कि हम भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती के उपलक्ष्य में यह संकल्प ले की लोकतांत्रिक मूल्यो के संरक्षण की दिशा में कार्य करेगे। बाबा साहब अंबेडकर ने जिस संविधान की अवधारणा की थी, उसमें धर्म,जाति, भेदभाव, वर्गवाद एवम वर्ण व्यवस्था से ऊपर उठकर इस देश का निर्माण करना था, परंतु पिछले एक दशक से देश को धर्म, जाति एवं वर्ग के आधार पर विभाजित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है।

## गांव-गांव जाकर प्रवेश उत्सव के तहत पालकों से किया संपर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय माडल उमावि आष्टा द्वारा प्रवेशउत्सव अंतर्गत पालक संपर्क करते हुए अधिक से अधिक को विद्यालय आने और प्रवेश लेने के लिए संपर्क किया गया । जानकारी देते हुए प्राचार्य सीएल पेठारी ने बताया कि उनके साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने ग्राम डाकनी ,मुगली अब्दुल्लापुरा काजीखेड़ी, मूंदीखेड़ी आदि गांव का भ्रमण कर पालकों से संपर्क किया। पालकों से उनके पुत्र-पुत्रियों को नियमित विद्यालय भेजने तथा नवीन सत्र 2024-2025 में कक्षा 6 ठी व 9 वी में प्रवेश के लिए अधिक से अधिक आलाईन आवेदन कराने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य सीएल पेठारी ने ग्रामीण जन को विद्यालय में संचालित सभी योजनाओं के संबंध में अवगत कराया और प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य सहित स्टाफ के धीरज सिंह राजपूत, शुभम मंडलोई, संध्या वेदी, मो.हबीब अंसारी, ममता हाटेकर, शुष्मा गुप्ता, रीना बकोरिया सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### जनपद शिक्षा केंद्र में अप्रैल माह के लिए तय की गई एफएलएन बाल चौपाल

# पीटीएम बैठक में मार्च माह के निर्धारित लक्ष्य पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




एफएलएन के अंतर्गत तरुण कुमार बैरागी बीआरसीसी की अध्यक्षता तथा जिले से परमल विश्नोई (मिशन अंकुर टीम) की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बीपीएमयू बैठक का प्रारम्भ मनोज कुमार विश्वकर्मा बीएसी द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए किया। बैठक एजेंडा और अकादमिक क्यूज से प्रारम्भ किया गया। तथा तरुण कुमार बैरागी द्वारा मार्च माह के निर्धारित लक्ष्य पर चर्चा करते हुए जिनका लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ था उसका कारण पूछा गया। मार्च और अप्रैल में निर्धारित सभी लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। तथा जिले से परमल विश्नोई मिशन अंकुर टीम द्वारा शिक्षक-पालक पीटीएम बैठक योजना पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए मिशन अंकुर टीम द्वारा पिछले माह में किए कक्षा अवलोकन, स्पॉट असेसमेंट डाटा के आधार पर आगे के सुधार वाले क्षेत्रों पर चर्चा किया गया एवं अप्रैल माह के लिए एफ.एल.एन. बाल चौपाल योजना, शिक्षक-पालक (पी.टी.एम.) बैठक योजना, तीसरी कक्षा के साथ जनशिक्षा केंद्रवार एफ.एल.एन. अकादमिक शैक्षिक संवाद योजना तय की गई। जिससे जिले द्वारा निर्धारित सभी गतिविधियाँ सभी शालाओं में आयोजित हो सके। और इसका प्रभाव बच्चों एवं पालकों में दिखे। इसके बाद बीआरसीसी महोदय द्वारा बिंदुवार लोकल परीक्षा कक्षा 6, 7 की ऑनलाइन एंट्री, स्वयं सिद्धी ऐप के माध्यम से बच्चों की सहभागिता, मापदंड में आ रही बच्चियों को चिन्हित कर होस्टल में प्रवेश, बच्चो की उपस्थिति शाला में शत प्रतिशत हो इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाए। इसके बाद मनोज विश्वकर्मा द्वारा यूडीसी पर शाला पेंडिंग आ रही है, उसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु और प्रयास पुस्तिका का शाला स्तर पर उपयोग हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मिशन अंकुर टीम से सभाजीत पटेल, अंकिता भुजबल, हरेंद्र सिंह (लेखापाल), देव जी मेवाड़ा (बी.ए.सी.), शालिनी सारसिया (बी.ए.सी.), फूलचंद सांकले (बी.ए.सी.), सुरेन्द्र मेवाडा, रवि मेवाड़ा एवं जनशिक्षा केंद्र के समस्त जन शिक्षक उपस्थित थे।

### टेकरी स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लगेगा मेला

# हनुमान उत्सव आयोजन की पूर्व तैयारी के संबंध में किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



टेकरी स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष मेले का आयोजन 23 अप्रैल को होगा। टेकरी पर आयोजित होने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल पर मूलभूत सुविधाओं, पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंन्हा सहित विभिन्न अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर मुआयना किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को बूढ़े बालाजी मंदिर के सामने हुसैन टेकरी के पास पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया और बायपास के नजदीक कंट्रोल रूम के पास बनाने और टेकरी रास्ते पर रखा भसुआ हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने रास्ते में फ्रेम, होर्डिंग बोर्ड हटाने, रास्ते पर लगे अनुपयोगी बांस बल्ली हटाने, सभी प्रसाद की दुकाने बॉउंड्रीवाल से सटा कर लगाने, प्रसाद की दुकानों पर बिकने वाली मिठाई की सैंपलिंग लेने एवं जाली से ढककर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत तारों को व्यवस्थित करने तथा तीन स्थानों पर एम्बुलेंस और मेडिकल टीम लगाये जाने के निर्देश दिये।मेला स्थल पर खोया पाया केंद्र स्थापित किया जावे तथा कंट्रोल रूम से मेला ग्राउंड तक दर्शन के लिये लाइव टेलीकास्ट दिखाया जावे और दर्शन के लिये एलईडी की संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, डिप्टी कलेक्टर अमित सोनी, डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, ईई पीडब्लूडी, ईई एमपीईबी, ईई एमपीईबी, तहसीलदार गुना जीएस बैरवा, तहसीलदार गुना ग्रामीण कमल मण्डेलिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सब इंजीनियर बी.बी. गुप्ता सहित मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारीगण नारायण अग्रवाल, चिरौंजीलाल प्रजापति, ओपी बरौनिया, गुलशन जुनैजा, भगवान अग्रवाल, राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# इंदौर के व्यापारी से एसएसटी टीम ने जब्त किए 8 लाख रुपए

### आचार संहिता में 50 हजार नकद लाने, ले जाने पर है प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



चुनावी खर्चों व अन्य चुनावी अपराधों पर नकेल कसने निवार्चन आयोग ने कईं तरह के नियम बनाए हुए हैं। 50 हजार रुपए से अधिक नकद राषि भी आचार संहिता के समय लाना या ले जाना प्रतिबंधित है। इसके लिए जिला निवार्चन एवं पुलिस प्रषासन द्वारा कईं स्थानों पर एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) बनाकर चेकिंग प्वाइंट बनाए हुए हैं।

इसी कड़ी में जिले के तलेन-षुजालपुर रोड पर ग्राम बावड़ीखेड़ा एसएसटी प्वाइंट पर गत दिवस चेकिंग के दौरान एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक एमपी-09 जेडयू-5769 को रोका गया। वाहन को चेक करने पर उसमें 8 लाख 4 हजार 300 रुपए की नकद धनराषि मिली। यह राषि इंदौर के व्यापारी हरीष प्यारानी द्वारा तलेन से शुजालपुर तरफ ले जाई जा रही थी। पुलिस व एसएसटी टीम द्वारा राषि को विधिवत रूप से जब्ती में लिया गया है। संबंधित व्यापारी द्वारा उक्त राषि के संबंध में नियमानुसार कागजात आदि दिखाने के उपरान्त उसे यह राशि बाद में लौटा दी जाएगी।

### अभाविप ईकाईयों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर किया उद्घाटन

# गर्मी में लोगों के कंठ तर करेंगी 20 समरसता प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉ. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थी एसएफएस के माध्यम से जिले के 16 विभिन्न स्थानों पर समरसता प्याऊ बनवाई गईं हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए लिए गए इस पुनीत निर्णय के तहत सभी स्थानों पर कईं मटके कार्यकर्ताओं ने रखवाए हैं जो लोगों का कंठ तर करेंगे।

अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे व राहगीरों को शीतल व स्वच्छ जल मिल सके इस हेतु से समरसता प्याऊ बनाकर समरसता का जल सभी को पिलवाया जाएगा। इससे समाज के समरसता का भाव भी प्रसारित होगा। अभाविप के जिला संयोजक अमन व्यास ने बताया कि परिषद विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने जलपात्र/सकोरे भी रखवा रही है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आधिकाधिक लोगों से आव्हान किया है कि वे भी अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों व निर्जन क्षेत्रों में लगे पेड़ों इत्यादि पर पक्षियों के लिए जलपात्र टंगवाए।



शुभारंभ अवसर पर विभाग संघटन मंत्री धमेंद्र दांगी, एसएफडी जिला संयोजक सुनील दांगी सहित कार्यकर्ता व सेवाभावीजन उपस्थित थे।

### पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी

# 2016 से पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस मुख्यालय भोपाल से मिले निर्देशों के तहत अर्से से फरार चल रहे आरोपियों को पकडने जिला पुलिस ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान बार्डर स्थित भोजपुर पुलिस ने साल 2016 से एक अपराध में फरार चल रहे स्थाई वारंटी बदमाश को पकड़ने में सफलता पाई है।

थाना प्रभारी सुनील केवट को अपने विष्वसनीय सूत्रों एवं मुखबिरों से सूचना मिली थी कि धोखाघड़ी व अन्य आरोपों के चलते अपराध क्रमांक 357/16 के तहत फरार आरोपी भैरूलाल पिता विरामसिंह निवासी ग्राम लखोनी राजस्थान के इकलेरा में छिपा हुआ है। सूचना के बाद टीम बनाकर आरोपी को पकडने तहसील चैराहा, इकलेरा जिला झालावाड़ पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे पकड़ते हुए भोजपुर थाने लाया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में अषोक कटारिया, मुकेष पवैया, वीरेंद्र रावत, विनोद, देवेंद्र, विषेष जाट का विषेष योगदान रहा।

### साप्ताहिक हाट-बाजार में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**खुजनेर।** नगर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत साप्ताहिक हाट-बाजार में नगर पालिका की टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। इस दौरान नागरिकों से अनिवार्य मतदान का आव्हान करते हुए उन्हें इस हेतु जागरुक किया गया। नगर परिषद सीएमो उमेष शर्मा ने कहा कि सभी नागरिकों को मतदान अवष्य करना चाहिए। इससे लोकतंत्र मजबूत होता है। कार्यक्रम में भूपेंद्र लोहिया, अमित यादव, भगवान सिंह यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# शतचंडी महायज्ञ के पंचम दिवस दीपोत्सव का आयोजन

### भैंसवा माता शक्तिपीठ पर प्रतिदिन चल रहे अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भैंसवा माता की पहाड़ी पर चल रहे शतचंडी महायज्ञ के पांचवे दिवस शनिवार रात्रि दीपोत्सव का आयोजन किया गया। माता की पहाड़ी सहित 108 हवन वेदियों पांडाल करीब ढाई लाख से अधिक माटी के दीपकों से जगमगा उठा। इस दौरान रंगबिरंगी आतिषबाजी भी की गई। महायज्ञ में यजमानों के परिवारजनों सहित भैंसवा कलाली, हराना, दराना, भोनीपुरा, पाड़ल्या सहित आसपास के कईं गांवों के हजारों ग्रामीण आयोजन में शामिल हुए। शाम होते ही मंदिर परिसर, नक्षत्र वाटिका, हवन पांडाल सहित पूरी पहाड़ी पर 2 लाख 51 हजार मिट्टी केदीपक प्रज्जवलित कर आतिशबाजी की गई जिसे पहाड़ी रात्रि में भी रोषन हो उठी। लगातार तीसरे वर्ष इस 108 कुंडीय महायज्ञ में जहां यजमान आहुतियां दे रहे हैं वहीं भव्य दिव्य उत्सव केसाथ वैदिक पाठषाला, सत्संग हॉल, संत कुटिया सहित पार्किंग जोन, काम्पलेक्स बनाकर इस धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से प्रदेष का विषालतम शक्तिपीठ बनाए जाने की मंषा श्रृद्धालु कर रहे हैं। नवरात्रि में अब तक हजारों लोग माता के दर्षन करने यहां आ चुके हैं। आज सप्तमी सहित अष्टमी व महानवमी पर भी हजारों भक्तों सैलाब माता के दर्षन करने पहुंचेगा।

# बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में भव्य रात्रि जागरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

चैत्र नवरात्र में नगर में कईं धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। इसी कड़ी में बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में बैजनाथ सेना के तत्वावधान में भव्य रात्रि जागरण आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में सुरधारा म्यूजिकल ग्रुप के गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्ति का समां बांध दिया। इस दौरान नगर के प्रसिद्ध गायक अषोक पाराषर ने भी माता के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही सुंदर वस्त्रों से माता पार्वती को भी अर्पित करते हुए भोलेनाथ का अभिषेक, श्रृंगार इत्यादि किया गया। इस दौरान मंदिर में फूलों, झिलमिलाती रंगीन विद्युत साज-सजा करवाई गई।

#### मां पार्वती को मानते हैं सौभाग्य की देवी

बाबा बैजनाथ मंदिर परिसर में विराजमान मां पार्वती की दिव्य, अलोकिक प्रतिमा के दर्षन मात्र से सभी के दुख दूर हो जाते हैं। बैजनाथ महादेव के ठीम सम्मुख विराजित होने से मांग का दर्षन करने वाली महिलाएं सौभाग्यवति होकर उनके लिए विषेष फलदायी रहता है।

# लीमाचौहान पुलिस ने चेकिंग के दौरान जब्त की 36 ग्राम स्मैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर-संडावता मार्ग पर रविवार को चेकिंग के दौरान लीमा चौहान थाना पुलिस ने दो बाईक सवारोंके पास से 36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक को जब्ती में लिया है।

दोनों युवकों को हिरासत में लेकर उन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। लीमा चैहान थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि निपानिया जोड़ पर हमारी चेकिंग चल रही थी। इस दौरान संडावता से लीमाचैहान तरफ आ रहे बाईक सवार दो संदेहास्पद युवकों को रोका गया। जब उनकी तलाषी ली गई तो प्रभुलाल पिता हीरालाल तंवर की जेब से 19 ग्राम और बाईक के पीछे बैठे प्रेमसिंह तंवर के पास से 17 ग्राम स्मैक जब्त की गई।

कुल जब्त 36 ग्राम स्मैम की कीमत 3 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई में अनिल सिसोदिया, संतोष मंडलोई, जीतेंद्र भिलाला, राधारमण मीणा, दीपक मेवाड़ा, रवि मीणा, दिवाकर, पंकज, कैलाष का विषेष योगदान रहा।

# प्रभुदयाल यादव अभिभाषक संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**विदिशा।** रविवार को जिला अभिभाषक संघ के चुनाव हुए। त्रिकोणीय मुकाबले में अध्यक्ष पद के लिए प्रभुदयाल यादव ने जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष राकेश यादव, सचिव प्रेमसिंह दांगी, कोषाध्यक्ष धमेंद्र किरार, वाचनालय सचिव प्रेमनारायण शर्मा, सह सचिव रविंद्र रघुवंशी निर्वाचित हुए। वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य के लिए प्रवीण वासिया, ओपी दुबे, सुनील शर्मा, राजेश यादव, अजय कुशवाह, देवेंद्र चतुर्वेदी निर्वाचित हुए। वहीं कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य ममता जैन, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, उमाशंकर शर्मा, रविन्द्र कुमार चुने गए। निर्वाचन अधिकारी अजय कन्हेरकर के अनुसार अध्यक्ष पद पर प्रभुदयाल यादव को 297, कैलाश सिंह किरार को 95 और संजय चतुर्वेदी को 30 वोट मिले। उपाध्यक्ष राकेश यादव को 339 और राकेश सक्सेना को 74 वोट मिले। सचिव प्रेमसिंह दांगी को 234 और राजेंद्र सिंह दांगी को 180 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र किरार को 322, जीवन सिंह सेन को 86 मत प्राप्त हुए। इसी तरह सह सचिव पद के लिए रविंद्र रघुवंशी को 245 और नरेंद्र द्विवेदी को 154 वोट मिले।

# रैली निकालकर लोकतंत्र पर्व को उत्साह से मनाने का किया आह्वान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जनभागीदारी के बिना लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। आगामी दिनों में चुनाव के रूप में आ रहे लोकतंत्र पर्व पर आधिकाधिक वोट देकर देष के विकास में भागीदार बनें। उक्त उद्धगार मेड़तवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता रैली उपरान्त समिति अध्यक्ष पूजा ने व्यक्त व्यक्त किए गए। नव ज्योति नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा सहित मेड़तवाल महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम टांक ने थाली में झूठन न छोड़ने का आव्हान सभी से किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष बरोंज ने कहा कि मृत्यु होने पर मृत्यु भोज, बर्तन कपड़े बांटने की कुप्रथाएं सभी समाजों से खत्म होनी चाहिए। इसके पूर्व मतदाता जागरुकता रैली श्रीनाथजी की हवेली से मेड़तवाल धर्मषाला पहुंची जहां अन्य आयोजन हुए। इस अवसर पर मधु सोनी, भावना गुप्ता, नेहा बरोंज, अनीता लहर, निर्मला जमींदार, कल्पना जमींदार, फूलकुंवर गुप्ता, टीना गुप्ता, अनामिका सिंगी, मंजू करोड़यिा, अनीता गुप्ता, पूजा गुप्ता सहित समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### जिले में अनेकों आयोजनों के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

# भारत के पहले कानून मंत्री की 133वीं जयंती पर हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़-ब्यावरा



स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर मुख्यालय सहित जिले भर में कईं कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजगढ़ मुख्यालय पर जयंती अवसर पर एक विषाल चल-समारोह का आयोजन समर्थकों द्वारा करवाया गया। गाजे-बाजे, डीजे की धुन पर भव्यता के साथ यह चल समारोह किला क्षेत्र में पहुंचकर, मेन रोड, तुल्ली चैक, पारायण चैक, बिरसा मुंडा चैक होते हुए मंगल भवन परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस बीच स्थान-स्थान पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व अन्य समितियों व प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा व अन्य तरह से चल-समारोह में शामिल जन का आत्मीयता के साथ स्वागत, अभिनंदन किया गया। मंगल भवन पहुंचने पर वहां विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम हुए एवं समाज की एकजुटता, अखंडता सहित डॉ. अंबेडकर के बताए पदचिन्हों पर चलने का संकल्प उपस्थिजनों द्वारा लिया गया।

#### प्रतिमा पर अनेकों ने किया माल्यार्पण

डॉ. अंबेडकर जयंती पर स्थानीय मंगल भवन स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर रविवार को कईं राजनैतिक, सामाजिक, सेवाभावी समितियों के लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया। भाजपा पदाधिकारी साकेत शर्मा ने उपस्थितजनों से डॉ. अंबेडकर के बताए पदचिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया। सभी के द्वारा जयकारे लगाकर मिठाईयां बांटी गई।



#### कांग्रेसजनों ने उत्साह से मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

तलेन। संविधान निर्माता की जयंती पर स्थानीय बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रति पर इंकाईजनों द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बाबा साहब जयकारे लगाते हुए मिठाईयां बांटी गईं। इस अवसर पर इंका नेता राधारमण त्रिपाठी, राजेंद्र जोषी, ब्लॉक इंकाध्यक्ष ठाकुर पालीवाल, हाफिज मोहम्मद, शफीक पठान, दिनेष यादव, पूर्व नपाध्यक्षे संजय भट्टर, रईस खान, रईस मंसूरी, जुगनू मंसूरी, रामस्वरूप जाटव, मनमोहन यादव, देवकरण जाधव, मनोज यादव, जब्बार अंसारी, कमल यादव, अषोक सोनी, भागीरथ बांधेवाल, नईम अंसारी, रतन यादव, प्रेम मालवीय सहित अन्य उपस्थित थे।